# CHEMISTRY

# रसायन-विज्ञान

# (313)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has two options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** Define the term 'mole of a substance'. 1

'पदार्थ के मोल' पद को परिभाषित कीजिये।

**2.** Differentiate between diffusion and effusion. 1

विसरण और निस्सरण में भेद कीजिये।

**3.** Define 'surface tension'. 1

'पृष्ठ तनाव' को परिभाषित कीजिये।

**4.** Distinguish between molecular formula and empirical formula of a covalent compound taking a suitable example. 2

उचित उदाहरण की सहायता से किसी सहसंयोजी यौगिक के अणुसूत्र और मूलानुपाती सूत्र में भेद कीजिये।

**5.** Describe Rutherford's model of an atom. For what reason, the Rutherford's model was rejected? 2

रदरफोर्ड के परमाणु के मॉडल का वर्णन कीजिये। रदरफोर्ड का मॉडल किस कारण अस्वीकार हुआ?

**6.** Explain Schottky defect with a suitable example. 2

उचित उदाहरण सहित शॉटकी दोष की व्याख्या कीजिये।

**7.** Distinguish between the following : 2

*(a)* Adiabatic and isothermal processes

*(b)* Closed and open systems

निम्नलिखित में भेद कीजिये :


(क) रुद्धोष्म प्रक्रम और समतापी प्रक्रम

(ख) संवृत और विवृत निकाय

**8.** Write the chemical equations involved in the self-reduction method for the extraction of copper from a copper ore. 2


कॉपर अयस्क से कॉपर के स्व-अपचयन विधि द्वारा निष्कर्षण से संबद्ध रासायनिक समीकरण लिखिये।

**9.** *(a)* Write the IUPAC name of the following compound :



*(b)* Name the product formed when phenol reacts with chlorine in the presence of $FeCl_3$. 2

(क) निम्नलिखित यौगिक का IUPAC नाम लिखिये :



(ख) प्राप्त उत्पाद का नाम बताइये जब फीनॉल, क्लोरीन के साथ $FeCl_3$ की उपस्थिति में अभिक्रिया करता है।

**10.** 4 0 g of sodium metal is introduced into a 4-L flask filled with chlorine gas at STP (273 K, 1 bar). After the reaction is over, determine the—

*(a)* limiting reagent in the reaction;

*(b)* number of moles of NaCl formed;

*(c)* mass of the reactant left unconsumed.

[ Given, atomic mass : Na = 23 0 u; Cl = 35 5 u ] 4

STP (273 K, 1 bar) पर 4-L क्लोरीन गैस के फ्लास्क में 4 0 g सोडियम धातु रखी जाती है। अभिक्रिया के बाद, ज्ञात कीजिये—

(क) इस अभिक्रिया में सीमान्त अभिकारक;

(ख) बने हुए सोडियम क्लोराइड के मोल;

(ग) अनभिकृत अभिकारक का द्रव्यमान।

[ दिया है, परमाण्विक द्रव्यमान : Na = 23 0 u; Cl = 35 5 u ]

**11.** *(a)* State 'modern periodic law'. Correlate the sequence of arrangement of elements in the periodic table with their electronic configurations.

*(b)* Describe, in general, the variation of—

*(i)* electron gain enthalpy;

*(ii)* ionisation enthalpy

in a period and in a group of the periodic table. 4

(क) 'आधुनिक आवर्त नियम' लिखिये। आवर्त सारणी में तत्त्वों के व्यवस्था क्रम का उनके इलेक्ट्रॉन विन्यास के साथ संबंध स्थापित कीजिये।

(ख) आवर्त सारणी के किसी वर्ग और आवर्तक में—

*(i)* इलेक्ट्रॉन ग्रहण एन्थैल्पी;

*(ii)* आयनन एन्थैल्पी

में सामान्यतया होने वाले परिवर्तन का वर्णन कीजिये।

**12.** *(a)* Calculate the boiling point of a solution containing 1 04 g glucose ($C_6H_{12}O_6$) dissolved in 80 2 g of water.

[ Given, $K_b$ for water  0 52 K kg mol $^1$, molar mass of glucose  180 g mol $^1$ ]

*(b)* Distinguish between a true solution and a colloidal solution on the basis of the following properties of their particles :

*(i)* Size

*(ii)* Visibility 4

(क) यदि 1 04 g ग्लूकोस ($C_6H_{12}O_6$) 80 2 g पानी में घुला हो, तो प्राप्त विलयन का क्वथनांक परिकलित कीजिये।

[ दिया है, पानी के लिए $K_b$  0 52 K kg mol $^1$, ग्लूकोस का मोलर द्रव्यमान  180 g mol $^1$ ]

(ख) वास्तविक विलयन और कोलॉइडी विलयन में उनके कणों के निम्नलिखित गुणधर्मों के आधार पर अंतर बताइये :

*(i)* आमाप

*(ii)* दृश्यता

**13.** *(a)* When is a reaction said to have reached equilibrium state? How would you know whether the reaction has reached the equilibrium state or not?

*(b)* How is a Bronsted-Lowry base distinguished from an Arrhenius base? Explain with example. 4

(क) कोई अभिक्रिया साम्यावस्था में कब पहुँचती है? आप कैसे जानेंगे कि किसी अभिक्रिया ने साम्यावस्था प्राप्त कर ली है अथवा नहीं?

(ख) ब्रांस्टेड-लॉरी क्षार का किसी अर्हेनियस क्षार से किस प्रकार विभेदन किया जा सकता है? उदाहरण देकर व्याख्या कीजिये।

**14.** *(a)* Define 'molar conductivity'. What is the unit of molar conductivity?

*(b)* The concentration of a reactant in a first-order reaction reduces from 0 5 *M* to 0 005 *M* in 20 minutes. Calculate the rate constant of the reaction. 4

(क) 'मोलर चालकता' की परिभाषा लिखिये। मोलर चालकता का मात्रक क्या है?

(ख) किसी प्रथम कोटि की अभिक्रिया के लिए अभिकारक की सांद्रता 20 मिनट में 0 5 *M* से घटकर 0 005 *M* हो जाती है। इस अभिक्रिया के लिए दर स्थिरांक का परिकलन कीजिये।

**15.** *(a)* What is 'inert pair effect'? Mention *two* reasons which are responsible for the so-called 'inert pair effect'.

*(b)* *(i)* Why does $BF_3$ act as a Lewis acid?

*(ii)* Why is the bond angle HNH in $NH_3$ molecule 107° instead of 109° as in $CH_4$? 4

(क) 'निष्क्रिय युग्म प्रभाव' क्या है? 'निष्क्रिय युग्म प्रभाव' के लिए उत्तरदायी **दो** कारणों का उल्लेख कीजिये।

(ख) *(i)* $BF_3$, लूइस अम्ल की भाँति क्यों कार्य करता है?

*(ii)* $NH_3$ अणु में HNH आबंध कोण 109° के बजाए 107° क्यों होता है जैसा कि $CH_4$ में?

**16.** *(a)* *(i)* What is the state of hybridization of the central oxygen atom in $O_3$ molecule?

*(ii)* Define 'transition elements'.

*(b)* Explain the type of hybridization and magnetic behaviour of the complex $[Co(NH_3)_6]^3$ . [ Given, atomic number of Co = 27 ] 4

(क) *(i)* $O_3$ अणु में केंद्रीय ऑक्सीजन परमाणु की संकरण अवस्था क्या होती है?

*(ii)* 'संक्रमण तत्त्व' की परिभाषा लिखिये।

(ख) संकुल $[Co(NH_3)_6]^3$ में उपस्थित संकरण के प्रकार तथा उसके चुम्बकीय व्यवहार की व्याख्या कीजिये। [ दिया है, परमाणु संख्या : Co = 27 ]

**17.** *(a)* Describe iodoform test. What type of compounds will give a positive iodoform test?

*(b)* Give reason for each of the following :

*(i)* Phenols are more acidic than alcohols.

*(ii)* Ethers are polar in nature. 4

(क) आयडोफॉर्म परीक्षण का वर्णन कीजिये। किस प्रकार के यौगिक धनात्मक आयडोफॉर्म परीक्षण देते हैं?

(ख) निम्नलिखित में प्रत्येक के लिए कारण दीजिये :

*(i)* फीनॉल, ऐल्कोहॉलों से अधिक अम्लीय होते हैं।

*(ii)* ईथर ध्रुवीय प्रकृति के होते हैं।

**18.** *(a)* Define an ionic bond. List *three* conditions which favour the formation of an ionic compound.

*(b)* What is meant by 'hybridization'? Explain the shape of $PCl_5$ molecule on the basis of hybrid orbitals.

*(c)* $Be_2$ molecule does not exist. Explain on the basis of molecular orbital theory.

*(d)* Write the MO electronic configuration of $N_2$ molecule and deduce its bond order. 6

(क) 'आयनिक आबंध' की परिभाषा लिखिये। उन **तीन** परिस्थितियों को सूचीबद्ध कीजिये जो आयनिक यौगिकों के बनने के लिए सहायक हैं।

(ख) 'संकरण' से क्या तात्पर्य है? संकरित कक्षकों के आधार पर आप $PCl_5$ अणु की आकृति किस प्रकार समझायेंगे?

(ग) $Be_2$ अणु का अस्तित्व नहीं होता है। आण्विक कक्षक सिद्धांत के आधार पर इसकी व्याख्या कीजिये।

(घ) $N_2$ अणु का आण्विक कक्षक इलेक्ट्रॉनिक विन्यास लिखिये और उसकी आबंध कोटि का निगमन कीजिये।

**19.** *(a)* Define 'entropy'. Explain why entropy is not a good criterion for determining the spontaneity of a process.


*(b)* For the reaction, $2Ag_2O$ (s) $\quad$ 4Ag (s) $\quad$ $O_2$ (g), $\quad H \quad 61\ 17$ kJ mol $^{1}$ and $S \quad 132$ J K $^{1}$ mol $^{1}$ at 298 K and 1 atm pressure. Show that the reaction is non-spontaneous at the given temperature. Above which temperature, the reaction will become spontaneous? 6

(क) 'एन्ट्रॉपी' की परिभाषा लिखिये। स्पष्ट कीजिये कि किसी प्रक्रम की स्वतःप्रवृत्ति के निर्धारण के लिए एन्ट्रॉपी उत्तम मापदंड क्यों नहीं है।

(ख) 298 K और 1 atm दाब पर अभिक्रिया, $2Ag_2O$ (s) $\quad$ 4Ag (s) $\quad$ $O_2$ (g) के लिए $H \quad 61\ 17$ kJ mol $^{1}$ और $S \quad 132$ J K $^{1}$ mol $^{1}$ हैं। दर्शाइये कि दिए हुए ताप पर यह अभिक्रिया गैर-स्वतःप्रवर्तित होगी। किस ताप के ऊपर अभिक्रिया स्वतःप्रवर्तित हो जाएगी?

**20.** *(a)* Write the products of the following reactions :

*(i)* $BrCH_2CH_3 \xrightarrow[2)\ H_3O^+]{1)\ NaCN}$


*(ii)* 

*(b)* Write the reaction sequence to convert nitromethane to ethanamine.

*(c)* What are lipids? Name the *three* types of lipids. Give *one* example of each. 6

(क) निम्नलिखित अभिक्रियाओं के उत्पाद लिखिये :

*(i)* $BrCH_2CH_3 \xrightarrow[2)\ H_3O^+]{1)\ NaCN}$

*(ii)* 

(ख) नाइट्रोमीथेन को ऐथेनेमीन में रूपांतरित करने वाली अभिक्रिया के क्रम को लिखिये।

(ग) वसाएँ (लिपिड) क्या होती हैं? **तीन** प्रकार की वसाओं के नाम लिखिये। प्रत्येक का **एक-एक** उदाहरण दीजिये।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

**( Environmental Chemistry )**

**( पर्यावरणीय रसायन )**

**21.** Which type of radiation is damaging for human health? 1

किस प्रकार का विकिरण मानव स्वास्थ्य के लिए क्षतिकारक है?

**22.** Define a 'heavy metal'. Name any *two* toxic heavy metals. 2

'भारी धातु' की परिभाषा लिखिये। किन्हीं **दो** आविषालु भारी धातुओं के नाम लिखिये।

**23.** What is 'environment'? Define the term 'anthropogenic pollutants'. 2

'पर्यावरण' क्या है? 'मानवोद्भवी प्रदूषक' पद की परिभाषा लिखिये।

**24.** List the damaging effects each of *(i)* $SO_2$ and *(ii)* $NO_2$ in plants and animals. 4

*(i)* $SO_2$ और *(ii)* $NO_2$ के पौधों और प्राणियों पर हानिकारक प्रभावों को सूचीबद्ध कीजिये।

**25.** Define 'water pollution'. List any *three* *(a)* anthropogenic sources and *(b)* parameters of water pollution. 6

'जल प्रदूषण' को परिभाषित कीजिये। जल प्रदूषण के किन्हीं **तीन** (क) मानव-निर्मित स्रोतों और (ख) संकेतों को सूचीबद्ध कीजिये।

OPTION–II

विकल्प–II

**( Chemistry and Industry )**

**( रसायन और उद्योग )**

**21.** What are petrochemicals? 1

पेट्रोरसायन क्या हैं?

**22.** What are dyes? Why do dyed articles appear to have a characteristic colour? 2

रंजक क्या हैं? रंजित वस्तुओं का अभिलाक्षणिक रंग क्यों होता है?

**23.** What is Portland cement? List the various raw materials required for the manufacture of Portland cement. 2

पोर्टलैंड सीमेन्ट क्या है? पोर्टलैंड सीमेन्ट के उत्पादन के लिए आवश्यक विभिन्न प्रारंभिक पदार्थों को सूचीबद्ध कीजिये।

**24.** What are *(a)* antipyretics and *(b)* analgesics? Give *two* examples of each. 4

(क) ज्वरनाशी (एन्टीपाइरेटिक) और (ख) पीड़ाहारी (एनेल्जिसिक) क्या हैं? प्रत्येक के **दो-दो** उदाहरण दीजिये।

**25.** *(a)* What are *(i)* addition polymerisation and *(ii)* condensation polymerisation?

*(b)* Write any *two* differences between addition polymerisation and condensation polymerisation.

*(c)* Give *one* example each of an addition polymer and a condensation polymer. 6

(क) *(i)* संकलन बहुलकीकरण और *(ii)* संघनन बहुलकीकरण क्या हैं?

(ख) संकलन बहुलकीकरण और संघनन बहुलकीकरण में कोई **दो** अंतर बताइये।

(ग) संकलन बहुलक और संघनन बहुलक, प्रत्येक के लिए **एक-एक** उदाहरण दीजिये।

★★★